दैनिक

न्याय साक्षी

अधिकार से न्याय तक

आवश्यक सूचना

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक दैनिक हो गया है। इसका सर्वे का कार्य आगे भी तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्व की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO :- CHHHIN16931 || email :- nyaysakshi@gmail.com || रायगढ़, बुधवार 14 नवम्बर 2018 || पृष्ठ-4, मूल्य 3 रूपए || वर्ष-01, अंक-47

महत्वपूर्ण एवं खास

राफेल डील पर सुनवाई खत्म, सुको ने फैसला रखा सुरक्षित

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने राफेल डील मामले की जांच की मांग वाली याचिकाओं पर सुनवाई के बाद अपना फैसला सुरक्षित कर लिया है. बुधवार को राफेल सौदे को लेकर सुप्रीम कोर्ट में दाखिल याचिकाओं पर अहम सुनवाई हुई. इन याचिकाओं में शीर्ष अदालत से राफेल सौदे की कीमत और उसके फायदों की जांच कराने की मांग की गई है. केंद्र ने पिछली सुनवाई में 36 राफेल लड़ाकू विमानों की कीमत और उसके फायदे के बारे में कोर्ट को सीलबंद दो लिफाफों में रिपोर्ट सौंपी थी. इस मामले की सुनवाई कर रही पीठ में चीफ जस्टिस रंजन गोगोई, जस्टिस एसके कौल और जस्टिस केएम जोसेफ शामिल हैं. मामले में याचिकाकर्ताओं ने सौदे की अदालत की निगरानी में जांच की मांग की है. अटॉर्नी जनरल केके वेणुगोपाल ने सुप्रीम कोर्ट में कहा है कि हमने राफेल की कीमत की जानकारी साझा कर दी है, लेकिन इसको रिव्यू करना एक्सपर्ट का काम है. इसको न्यायपालिका रिव्यू नहीं कर सकती है.

शाहिद आफरिदी ने कहा- पाकिस्तान से उसके लोग नहीं संभल रहे, वह कश्मीर क्या संभालेगा

नई दिल्ली। पूर्व पाकिस्तानी ऑलराउंडर शाहिद आफरीदी ने एक बार फिर जम्मू-कश्मीर को लेकर बयान दिया है. आफरीदी के इस बयान पर विवाद हो गया. इंग्लैंड की संसद कही जाने वाली हाउस ऑफ कॉमन्स में आफरीदी ने कहा कि पाकिस्तान को कश्मीर की चिंता नहीं करनी चाहिए. शाहिद आफरीदी ने कहा कि पाकिस्तान से अपने 4 प्रांत तो संभलते नहीं हैं, इसलिए पाकिस्तान को कश्मीर की चिंता नहीं करनी चाहिए. शाहिद आफरीदी यहां अपनी संस्था शाहिद आफरीदी फाउंडेशन से जुड़े किसी कार्यक्रम में हिस्सा लेने आए थे.

फैजाबाद हाईवे पर बड़ा हादसा, सड़क दुर्घटना में भाई-बहन समेत तीन की मौत

गोंडा. वजीरगंज थाना इलाके में फैजाबाद हाईवे पर चंदापुर गांव के पास बुधवार सुबह करीब छह बजे तेज रफ्तार कार को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दिया। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार के परखच्चे उड़ गए। इससे कार सवार तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने कड़ी मशक्कत से शवों को कार से बाहर निकाला है। वहीं, हादसे के बाद टक्कर मारने वाला चालक मय वाहन मौके से फरार हो गया।

भ्रष्टाचार रोकने के लिए बंद हो 500-2000 रुपए के नोट- कैबिनेट मंत्री राजभर

नई दिल्ली। उत्तर प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री ओम प्रकाश राजभर लगातार अपनी ही सरकार की मुश्किलें बढ़ाते रहते हैं। कभी योगी सरकार तो कभी मोदी सरकार के खिलाफ बयानबाजी के चलते वह अक्सर चर्चा में रहते हैं। इस बार राजभर ने नोटबंदी को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि अगर देश में भ्रष्टाचार को खत्म करना है तो एक बार फिर से 500 और 2000 की नोट को बंद करना चाहिए। आपको बता दें कि ओम प्रकाश राजभर सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के प्रमुख हैं और मौजूदा योगी सरकार में सहयोगी हैं।

इसरो को अंतरिक्ष में मिलेगी बड़ी सफलता

लॉन्च हुआ जीसैट-29

नई दिल्ली (आरएनएस)। अंतरिक्ष क्षेत्र में इसरो एक और बड़ी उपलब्धि हासिल किया। भारत बुधवार को संचार उपग्रह जीसैट-29 को लॉन्च करेगा। यह उपग्रह श्रीहरिकोटा के सतीश धवन स्पेस सेंटर से लॉन्च किया जाएगा। इसरो ने बताया कि प्रक्षेपण का कार्यक्रम शाम 5 बजकर 8 मिनट पर शुरू हुआ। अपनी उड़ान में जीएसएलवी-एमके 3 रॉकेट जीसैट-29 को भू स्थिर कक्षा में स्थापित करेगा। इस साल यह इसरो का पांचवां लॉन्च होगा। भारत और इसरो के लिए यह काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

जेके और उत्तर-पूर्वी राज्यों के लिए महत्वपूर्ण

यह एक हाईथ्रोपुट कम्युनिकेशन सैटलाइट है। इसमें कु और का ऑपरेशनल पेलॉड्स हैं। ये पेलॉड्स डिजिटल इंडिया कार्यक्रम के तहत जम्मू और कश्मीर के साथ उत्तर-पूर्वी राज्यों को बेहतर सेवा मुहैया कराएंगे। इससे इन क्षेत्रों में हाईस्पीड इंटरनेट में काफी मदद मिलेगी।

नई स्पेस तकनीक में मिलेगी मदद

जीसैट-29 नई स्पेस तकनीक को टेस्ट करने में एक प्लैटफॉर्म की तरह काम करेगा। इसरो चीफ ने बताया कि ऑपरेशनल पेलॉड्स के अलावा यह सैटलाइट तीन प्रदर्शन प्रौद्योगिकियों, क्यू ऐंड वी बैंड्स, ऑप्टिकल कम्युनिकेशन और एक हाई रेजॉल्यूशन कैमरा भी अपने साथ ले जाएगा। भविष्य के स्पेस मिशन के लिए पहली बार इन तकनीकियों का परीक्षण किया जाएगा।

10 साल तक करेगा काम

इसरो के अनुसार, जीएसएलवी-एमके 3 रॉकेट की दूसरी उड़ान होगी, जो लॉन्च होने के बाद 10 साल तक काम करेगा। लॉन्च होने के बाद पृथ्वी से 36,000 किमी दूर जियो स्टेशनरी ऑर्बिट (जीएसओ) में स्थापित होगा। यह भारत के दूरदराज के क्षेत्रों में हाई स्पीड डेटा को ट्रांसफर करने में मदद करेगा। आज लॉन्च होने वाला इसरो का इस साल का यह पांचवा रॉकेट लॉन्च होगा।

पूरी तरह भारत में बना रॉकेट

जीसैट-29 को लॉन्च करने के लिए जीएसएलवी-एमके 2 रॉकेट का इस्तेमाल किए जा रहा है। इसे भारत का सबसे वजनी रॉकेट माना जाता है, जिसका वजन 640 टन है। इस रॉकेट की सबसे खास बात यह है कि यह पूरी तरह भारत में बना है। इस पूरे प्रॉजेक्ट में 15 साल लगे हैं। इस रॉकेट की ऊंचाई 13 मंजिल की बिल्डिंग के बराबर है और ये चार टन तक के उपग्रह लॉन्च कर सकता है। अपनी पहली उड़ान में इस ने रॉकेट 3136 किलोग्राम के सैटलाइट को उसकी कक्षा में पहुंचाया था।

इस रॉकेट में स्वदेशी तकनीक से तैयार हुआ नया क्रायोजेनिक इंजन लगा है, जिसमें लिक्विड ऑक्सीजन और हाइड्रोजन का ईंधन के तौर पर इस्तेमाल होता है।

दाती महाराज के खिलाफ जारी रहेगी सीबीआई जांच

नई दिल्ली (आरएनएस)। दिल्ली हाईकोर्ट ने दाती महाराज की याचिका को बुधवार को खारिज कर दिया. इस याचिका में अदालत के उस फैसले की समीक्षा की मांग की गई थी, जिसमें उसके खिलाफ दर्ज बलात्कार मामले की जांच सीबीआई को सौंपने को कहा गया था. मुख्य न्यायाधीश राजेंद्र मेनन एवं न्यायमूर्ति वी के राव की पीठ ने तीन अक्टूबर के

हाईकोर्ट ने खारिज की याचिका

अदालत के फैसले के खिलाफ दाखिल दाती महाराज की पुनर्विचार याचिका पर यह फैसला सुनाया. अदालत ने तीन अक्टूबर को एक महिला के आवेदन पर मामले की जांच केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) को सौंप दी थी. महिला ने दाती महाराज पर बलात्कार का आरोप लगाया था. हाईकोर्ट ने कहा था कि जिस तरह से पुलिस ने जांच की वह जांच पर संदेह पैदा करता है. गौरतलब है कि स्वयंभू बाबा दाती महाराज और उनके तीन सहयोगियों के खिलाफ सेंट्रल ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टिगेशन ने रेप और अप्राकृतिक यौन संबंध बनाने का मामला दर्ज किया है. दाती महाराज का दक्षिण दिल्ली में एक मंदिर है. दिल्ली हाईकोर्ट के निर्देशों पर सीबीआई मामले की जांच कर रही थी. आरोपी का दावा था कि उन्हें इस मामले में फंसाया जा रहा है.

न्यायालय का अपने फैसले पर रोक से इंकार

सबरीमला मंदिर मामला

नयी दिल्ली (आरएनएस)। उच्चतम न्यायालय ने सबरीमला मंदिर में सभी आयु वर्ग की महिलाओं को प्रवेश की अनुमति देने वाले अपने 28 सितंबर के फैसले पर रोक लगाने से बुधवार को इंकार कर दिया। प्रधान न्यायाधीश रंजन गोगोई की अध्यक्षता वाली एक पीठ ने सबरीमला मामले में न्यायालय के फैसले पर रोक लगाने की मांग करने वाले वकील से 22 जनवरी तक इंतजार करने को कहा, जब संविधान पीठ पुनर्विचार याचिकाओं पर सुनवाई करेगी।

मामले का उल्लेख अधिवक्ता मैथ्यूज जे नेदुमपारा ने किया। उन्होंने नेशनल अयप्पा डिवोटीज (वीमन्स) एसोसिएशन की तरफ से पुनर्विचार याचिका दायर की है।

सिंगापुर में अमेरिकी उपराष्ट्रपति माइक पेन्स से मिले मोदी

सिंगापुर (आरएनएस)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को सिंगापुर में पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन से इतर अमेरिका के उपराष्ट्रपति माइक पेन्स से मुलाकात की। दोनों नेताओं के बीच रक्षा सहयोग और मुक्त एवं खुले हिंद-प्रशांत क्षेत्र की जरूरत सहित द्विपक्षीय संबंधों के अन्य मुद्दों पर चर्चा होने की संभावना है। मोदी ने सिंगापुर के दो दिवसीय दौरे की बुधवार को शुरुआत की जहां वह पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन, आसियान-भारत अनौपचारिक बैठक, क्षेत्रीय व्यापक आर्थिक साझेदारी शिखर बैठक में भाग लेंगे। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि दोनों नेता द्विपक्षीय रक्षा सहयोग और हिंद-प्रशांत को मुक्त एवं खुला बनाए रखने के अपने साझा नजरिए पर चर्चा कर सकते हैं। पेन्स सिंगापुर में आसियान एव पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का प्रतिनिधित्व करेंगे।

कांग्रेस ने तेलंगाना के लिए उम्मीदवारों की दूसरी सूची जारी की

नयी दिल्ली (आरएनएस)। कांग्रेस ने तेलंगाना विधानसभा चुनाव के लिए बुधवार को उम्मीदवारों की दूसरी सूची जारी कर दी। पार्टी की ओर से जारी इस सूची में कुल 10 उम्मीदवारों के नाम हैं। इससे पहले, सोमवार की रात कांग्रेस ने 65 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी की थी। तेलंगाना में टीआरएस को हराने के लिए कांग्रेस ने तेलुगु देशम पार्टी (तेदेपा) और तेलंगाना जन समिति (टीजेएस) और सीपीआई के साथ गठबंधन किया है। राज्य की 119 विधानसभा सीटों के लिए सात दिसंबर को मतदान होगा । बता दें कि कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष उत्तम कुमार रेड्डी हुजूर नगर विधानसभा क्षेत्र से उम्मीदवार घोषित किये गए हैं।

जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम के हॉस्टल में एथलीट ने खुदकुशी की

नईदिल्ली (आरएनएस)। दिल्ली के जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम के हॉस्टल में एथलीट ने खुदकुशी कर ली. मृतक खिलाड़ी का नाम परविंदर चौधरी था. बताया जा रहा है कि परविंदर मंगलवार शाम को प्रेक्टिस करने के लिए स्टेडियम में भी गया था. इसके बाद लौटकर उसने हॉस्टल के कमरे में फांसी लगाकर जान दे दी.

परविंदर के बारे में जैसे ही पता चला हॉस्टल प्रशासन तुरंत उसे सफदरजंग अस्पताल लेकर गया लेकिन वहां पहुंचते ही उसने दम तोड़ दिया.

ब्रिटेन में भारतीय मूल की गर्भवती महिला की तीर लगने से मौत, बच्चे को बचाया गया

लंदन (आरएनएस)। ब्रिटेन में भारतीय मूल की एक गर्भवती महिला की तीर लगने से मौत हो गई। हालांकि आपात स्थिति में किए गए ऑपरेशन के बाद उसके बच्चे को बचा लिया गया। लंदन में हुए हमले में तीर महिला के पेट से होते हुए उसके दिल तक पहुंच गया था। पूर्वी लंदन

के इल्फोर्ड इलाके में सोमवार को हुए हमले के दौरान 35 वर्षीय देवी उम्मथालेगाडू को पेट में चोट लगी। उसकी एक स्थानीय अस्पताल में मौत हो गई जहां डॉक्टरों ने उसके बच्चे को बचा लिया। स्कॉटलैंड यार्ड के अधिकारियों ने 35 वर्षीय महिला की हत्या के लिए 50 वर्षीय रमनोडगे उम्मथालेगाडू पर मंगलवार को आरोप लगाए। वह उसका पूर्व पति बताया जा रहा है। महिला को सना मोहम्मद के नाम से जाना जाता था दूसरे पति से शादी से पहले उसने इस्लाम अपना लिया था। उसके पहले पति से उसे तीन बच्चे थे और इम्तियाज मोहम्मद नामक दूसरे पति से दो लड़कियां थी। सोमवार को हुए बच्चे का नाम उसके पिता ने इब्राहिम रखा है।

शराब पीकर महिला यात्री ने विमान में मचाया उत्पात

क्रू मेंबर को गाली दी और जड़ा थप्पड़

मुंबई (आरएनएस)। ड्रिंक के लिए इनकार करने पर शराब के नशे में चूर एक बिजनस क्लास आइरिश यात्री ने एयर इंडिया क्रू सदस्यों के साथ जमकर बदसलूकी की। आइरिश यात्री मुंबई से लंदन यात्रा कर

रहा थीं। महिला यात्री ने एयर होस्टेस को अपने क्रिमिनल लॉयर के रूप में अपने मानवाधिकार कार्यों के बारे में बताते हुए गाली देने लगी। महिला यात्री ने एक क्रू सदस्य को थप्पड़ भी मारा। लंदन के हीथ्रो एयरपोर्ट पर विमान के लैंड करने के बाद यात्री को गिरफ्तार कर लिया गया।

फैक्ट्री में भीषण आग, मौके पर भेजीं दमकल की 16 गाड़ियां

नईदिल्ली (आरएनएस)। दिल्ली के वजीरपुर इलाके में एक फैक्ट्री में भीषण आग लग गई. जिसे बुझाने के लिए

दमकल विभाग की 16 गाड़ियों को रवाना किया गया. फिलहाल आग पर काबू पा लिया गया है. लेकिन इस आग में लाखों रुपये के नुकसान का अनुमान लगाया जा रहा है.

दमकल विभाग के मुताबिक यह फैक्ट्री कॉस्मेटिक के सामानों की थी. घटना में कोई हताहत नहीं हुआ है लेकिन भारी मात्रा में माल राख हो गया है. फिलहाल आग बुझाई जा चुकी है. फैक्ट्री में आग कैसे लगी अभी इसके बारे में स्पष्ट पता नहीं चल सका है. फैक्ट्री की फायर एनओसी को लेकर भी जांच की जा रही है.

बहुमंजिला इमारत में लगी आग, 2 की मौत

मुंबई (आरएनएस)। मुंबई के अंधेरी में वीरा देसाई रोड पर 21 मंजिला इमारत की 10वीं मंजिल पर आग लगी. इस हादसे में दो लोगों की मौत हो गई. तीन लोग फ्लैट नंबर 1001 में फंस गए थे, जिन्हें बचा लिया गया. ये सभी बेडरूम में थे. आग बुझाने के बाद

इसी फ्लैट के फ्लोर पर दो लोगों के शव मिले है.

बृहन्मुम्बई महानगरपालिका (बीएमसी) के आपदा प्रबंधन इकाई के एक अधिकारी ने बताया कि दमकल विभाग के कर्मियों ने तीन व्यक्तियों को निकाला जबकि एक अन्य व्यक्ति लापता है. उन्होंने बताया कि आग रात आठ बजकर 21 मिनट पर 21 मंजिल इमारत की पांचवीं और छठी मंजिल पर लगी.

अधिकारी ने बताया कि ऐहतियात के तौर पर चौथी और सातवीं मंजिल को खाली करा लिया गया. आग बुझाने के लिए दमकल की पांच गाड़ियां और चार बड़े टैंकर लगाये गए.

आग के कारणों का अभी पता नहीं चला है.

रसोई गैस सिलेंडर फटने से एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत

कालाहांडी। ओडिशा के कालाहांडी जिले में बुधवार को एक रसोई गैस सिलेंडर फटने से एक ही परिवार के दो बच्चों सहित तीन लोगों की मौत हो गयी. पुलिस ने यह जानकारी दी. पुलिस ने बताया कि मृतकों की पहचान चंपा मेहर (42), उनकी आठ वर्षीय पुत्री सुनीता और पांच साल के बेटे अनूप के रूप में की गई है. उन्होंने बताया कि जिले की थनाटा गांव में यह घटना उस समय हुई, जब चंपा बच्चों के लिए नाश्ता तैयार कर रही थी. एसडीपीओ सुरेंद्र सतपति ने बताया कि इस घटना में मकान को काफी नुकसान पहुंचा है.

जस्टिस गोविंद माथुर ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश की शपथ ली

प्रयागराज। जस्टिस गोविंद माथुर ने प्रयागराज में इलाहाबाद हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस के तौर पर शपथ लिया।

उगते सूर्य को अर्घ्य के साथ छठ का समापन

पटना से वाराणसी तक दिखा उत्साह

पटना (आरएनएस)। आस्था और संस्कार के पर्व छठ का उगते सूर्य को अर्घ्य के साथ समापन हो गया है। बुधवार सुबह नदी, तालाब और नहरों के पानी में उतरकर महिलाओं ने भगवान भास्कर को अर्घ्य देकर व्रत का समापन किया और संतान के कल्याण के लिए मुरादें मांगी। अर्घ्य देने के बाद छठी मइया के लिए बनाए गए खास ठेकुआ और प्रसाद लोगों में बांटा गया। चार दिनों तक चलने वाला यह व्रत 11 नवंबर को नहाय खाय के साथ शुरू हुआ था। इस दौरान लोग भक्ति भाव में डूबे नजर आए और नदियों के किनारे आस्था का सैलाब देखने को मिला।

इस बार देश भर में छठ की छटा देखकर अहसास हुआ कि यह अब कुछ क्षेत्रों तक सीमित नहीं है। देश की राजधानी दिल्ली से लेकर चेन्नै और मुंबई हर जगह एक समान आस्था और श्रद्धा के साथ लोगों ने छठ का महापर्व मनाया। बिहार में पटना कॉलेज घाट पर महिलाओं ने तड़के सवेरे घाट पर जाकर पूजा की तैयारी की और फिर उगते सूर्य को अर्घ्य दिया।